बाल विकास विभागों में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट अलवा) : (क) जी, हां। दिल्ली शहर के आर्थिक रूप से पिछडे क्षेत्रों, ग्रामीण क्षेत्रों और पुनर्वास कालोनियों में निर्धनों और कमजोर वर्ग के लोगों की बेहतरी के लिए केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड को विभिन्न अनुमोदित योजनाओं के अंतर्गत दिल्ली समाज कल्याण बोर्ड से दिल्ली में 256 संस्थान अनुदान सहायता प्राप्त करते हैं ।

अनुदान प्राप्त करने वाली संस्थाओं की संख्या (अलग-अलग ब्यौरा) निम्न प्रकार है :—

(1) पुनर्वास कालोनियां	92
(2) ग्रामीण क्षेत्र	64
(3) शहरी गंदी बस्तियां	100
	256

दिल्ली संघ राज्य के यमुनापार/पूर्वी भाग में कार्यरत और अनुदान प्राप्त कर रहे संस्थाओं की संख्या नीचे दी गयी है :—

(1) पुनर्वास कालोनियां	20
(2) ग्रामीण क्षेत्र	07
(3) शहरी गंदी बस्तियां	19

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Sadiya-Dhubri National Waterways

2288. DR. NAGEN SAIKIA: Will ihe Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state;

Ca) by when the Sadiya-Dhubri National Waterways would be opened for traffic; and.

(b) what is the number of ships which would be put on this route?

THE MINISTER OF STATE OF THE PORT (SHRI RAJESH PILOT): (a) and (b) Traffc operations on Sadiya-Dhubri stretch of Brahmaputra are already on. The Central Inland Water Transport Corporation, Calcutta and the IWT Directorate of Government of Assam have been running transport services between these stretches. The number of vessels deployed by the very depending On cargo offering from time to time.

देश में रेलगाड़ियों का स्थगित किया जाना। मार्ग बदला जाना

2289. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले 6 मास के दौरान देश के अनेक भागों में और खास तौर पर पंजाब में कई रेल गाड़ियां या तो स्थगित कर दी गई हैं या उनके मार्ग बदल दिये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी रेलगाड़ियों के नाम क्या हैं ;

(ग) उनके आरम्भिक स्थान, गन्तव्य स्थान तथा मार्ग के सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ;

(घ) इन रेलगाड़ियों को स्थगित किये जाने के क्या कारण हैं और इससे रेलवे को कितना नुकसान हुआ है ; और

(ङ) उन्हें फिर से चलाने के सम्बन्ध में सरकार की क्या योजना है ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महाबीर प्रसाद) : (क) जी हां।

(ख) और (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(घ) और (ङ) बाढ़ और दरार पड़ने, भूचाल, सूखा और अन्य परिचालनिक कारणों आदि जैसी, अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण कभी-कभी गाड़ी सेवाएं रद्द की जाती हैं अथवा उनका मार्ग परिवर्तन किया जाता है । परिस्थिति सामान्य होते ही इन गाड़ियों को पुनः चलाया जाता है। तथापि, गाड़ी-वार हानि के आंकड़े नहीं रखे जाते हैं ।